प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 11.07.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः—**

1—राज्य मंत्रिपरिषद ने प्रदेश में स्टार्ट—अप और नवाचार नीति लागू करने का निर्णय लिया।

2—छत्तीसगढ़ विद्युत नियामक आयोग ने वर्ष दो हजार पच्चीस—छब्बीस के लिए बिजली की नई दरें घोषित कर दी हैं।

3— नारायणपुर जिले में करीब सैंतीस लाख रूपए के इनामी बाईस माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

4—कल रायपुर सहित देश के सैंतालीस स्थानों पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा—प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इंक्यावन हजार से अधिक चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>मंत्रिमंडल निर्णय</u>**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रिपरिषद द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की तर्ज पर छत्तीसगढ़ राजधानी क्षेत्र के विकास के लिए संबंधित प्राधिकरण की स्थापना के लिए विधेयक के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। यह प्राधिकरण रायपुर, दुर्ग—भिलाई और नवा रायपुर में तेजी से बढ़ती आबादी और शहरीकरण को देखते हुए इस क्षेत्र के सुव्यवस्थित और योजनाबद्ध विकास के लिए कार्य करेगा।

कैबिनेट बैठक में जनजातीय समूहों और अन्य वंचित वर्गों के गरीब युवा, महिलाओं और तृतीय लिंग के लोगों के संस्थागत विकास के लिए छत्तीसगढ़ शासन और पैन आईआईटी एलुमनी रीच फॉर इंडिया फाउंडेशन के मध्य संयुक्त उद्यम कंपनी के गठन को मंजूरी प्रदान की गई है।

मंत्रिपरिषद ने राज्य के युवाओं को स्टार्टअप और नवाचार के जरिए सशक्त बनाने के लिए छात्र स्टार्ट—अप और नवाचार नीति लागू करने का एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस नीति का लक्ष्य राज्य के सौ तकनीकी संस्थानों के पचास हजार छात्रों तक पहुंच बनाना है।

इसके अलावा आज मंत्रिपरिषद ने राज्य विधानसभा के आगामी मानसून सत्र में प्रस्तुत किए जाने वाले एक विधेयक और सात संशोधन विधेयकों के प्रारूप का अनुमोदन किया।

**<u>बिजली—नई दरें</u>**

छत्तीसगढ़ विद्युत नियामक आयोग ने वर्ष दो हजार पच्चीस—छब्बीस के लिए बिजली की नई दरें घोषित कर दी हैं। विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष हेमंत वर्मा ने बताया कि राज्य की बिजली दरों में औसतन एक दशमलव आठ—नौ प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दी गई है। घरेलू उपभोक्ताओं की विद्युत दरों में दस से बीस पैसे प्रतियूनिट

की वृद्धि की गई है। वहीं, गैर घरेलू उपभोक्ताओं की विद्युत दरों में पच्चीस पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। नई दरें एक जुलाई से लागू हो गई है। आयोग ने यह निर्णय राज्य की बिजली उत्पादन, पारेषण, वितरण कंपनियों और भार प्रेषण केंद्र की वार्षिक राजस्व आवश्यकता के मूल्यांकन के बाद लिया है।

**माओवादी—आत्मसमर्पण**

नारायणपुर जिले में आज बाईस माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक रोबिनसन गुड़िया ने बताया कि इन माओवादियों पर कुल सैंतीस लाख पचास हजार रूपए का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वालों में आठ महिला माओवादी भी शामिल हैं।

इन माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत प्रोत्साहन राशि के रूप में पचास—पचास हजार रूपए का चेक और अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं दी जाएंगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि अब तक कुल एक हजार चार सौ छिहत्तर माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि लोग अब बंदूक नहीं, विकास की राह पर साथ चलना चाहते हैं। श्री साय ने कहा कि डबल इंजन की सरकार मार्च दो हजार छब्बीस तक नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**रेडी टू ईट**

राज्य सरकार ने पोषण पूरक आहार—रेडी टू ईट निर्माण का कार्य एक बार फिर महिला स्व—सहायता समूहों को सौंपने का निर्णय लिया है। यह कार्य प्रारंभिक चरण में छह जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभ किया जाएगा। इस पहल की शुरूआत रायगढ़ से की गई है, जहां दस महिला स्व—सहायता समूहों को अनुबंध पत्र वितरित किए गए हैं। रायगढ़ के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू इट फूड अब महिला स्व—सहायता समूहों द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्व—सहायता समूहों की महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि वे अच्छे भाव से इस कार्य को करें।

**प्रधानमंत्री—रोजगार मेला**

कल देश के सैंतालीस स्थानों पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मौके पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इंक्यावन हजार से अधिक चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल द्वारा डब्लूआरएस कॉलोनी में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के बहत्तर अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके होंगे। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल और अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

**सुरक्षा बल—पौधारोपण**

देशभर में इन दिनों केंद्रीय और सशस्त्र पुलिस बलों द्वारा मेगा ट्री प्लांटेशन ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल भिलाई इस्पात संयंत्र के भिलाई यूनिट द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम चलाया गया। सीआईएसएफ के उपमहानिरीक्षक नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने अमरूद का पौधा लगाकर

वृक्षारोपण की शुरुआत की। इस अवसर पर श्री त्रिपाठी ने कहा कि सीआईएसएफ औद्योगिक सुरक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

पौधारोपण कार्यक्रम के अवसर पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई यूनिट के कमांडेंट अभिजीत कुमार सहित सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी और जवान मौजूद थे।

## दुर्घटना

कबीरधाम जिले में आज बोरवेल वाहन के खाई में गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई है। वहीं, चार अन्य लोग घायल हो गए हैं। और अधिक जानकारी दे रहे है हमारे कबीरधाम संवाददाता।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस सड़क दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने घायलों की समुचित चिकित्सा और आवश्यक मदद के निर्देश जिला प्रशासन को दिए हैं।

उधर, कोंडागांव जिले के पासंगी गांव में आज स्कूल बस को एक तेज रफ्तार चारपहिया वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बारह बच्चे घायल हो गए हैं, जिनमें से दो बच्चें गंभीर हैं। सभी घायलों को फरसगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

## बातों–बातों में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **बारिश के मौसम में होने वाले बीमारियों और उनके बचाव पर एम्स रायपुर के डॉक्टर तुषार भरत जगझापे** से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण कल बारह जुलाई को एफ. एम. चैनल पर सुबह नौ बजे से और प्राईमरी चैनल पर सुबह साढ़े दस बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## मौसम
## पेश है मौसम का हाल...

मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों में प्रदेश के मध्य और दक्षिणी हिस्से में वर्षा की गतिविधि में कमी आने की संभावना है, हालांकि उत्तर छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में भारी वर्षा हो सकती है।

इस बीच, प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश से कई नदी और नालों में जलस्तर बढ़ा हुआ है। कोरबा जिले के पाली विकासखंड में मड़वामौहा से लोहड़िया के बीच नाले के ऊपर बनी पुलिया तेज बारिश में बह गई है।

इसी जिले के ग्राम रजकम्मा में बीते करीब छह दिनों से बिजली आपूर्ति प्रभवित होने के कारण ग्रामीणों ने बिलासपुर–अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार
## कुछ समाचार संक्षेप में ...

–भगवान शिव की आराधना का पवित्र श्रावण मास आज से शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्रावण मास के शुभारंभ अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

–छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ में पचास हजार छायादार और फलदार वृक्ष लगाने के अभियान की शुरूआत पॉवर कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने की।

–राज्य शिक्षक सम्मान स्मृति पुरस्कार दो हजार पच्चीस के लिए शिक्षकों से तीस जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>